सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 11.09.2023

इटावा पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के वाँछित/इनामिया गैंगलीडर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 23/24.08.2023 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को चोरी की 13 मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया था तथा 01 अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी।

इसी के क्रम में आज दिनांक 11.09.2023 को थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **मु0अ0सं0 259/2023 में 1000/- रुपये के इनामिया/वांछित मुख्य अभियुक्त अंशुल कठेरिया को चोरी की मोटर साइकिल सहित पचावली चौराहे के पास से समय 06.00 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकडे गये अभियुक्त से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध मे पूछताछ की गयी तो बताया कि यह मोटरसाइकिल उसके द्वारा थाना भरथना क्षेत्रांतर्गत से चोरी की गयी है जिसके संबंध में **थाना भरथना पर मु0अ0सं0 251/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है** तथा बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भिन्न- भिन्न राज्य /जनपद के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों मे घूमकर रेकी करते हुये वाहनो का लॉक तोडकर वाहन चुराकर धन लाभ अर्जित करते है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अंशुल कठेरिया पुत्र सुरेश कठेरिया निवासी अड्डा सन्तोषपुर थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 22 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 259/2023 धारा 411/420/413/414/465 भादवि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 259/2023 धारा 411/420/413/414/465 भादवि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 251/2023 धारा 379 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।

बरामदगीः-

01. 01 मोटर साइकिल स्पेलेण्डर प्लस **(थाना भरथना क्षेत्रांतर्गत से चोरी की गयी)**

पुलिस टीमः निरी0 श्री सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 राजेश कुमार मौर्य, का0 सुनील कुमार, का0 मोहित कुन्तल, का0 विपिन कुमार।